पीडब्ल्यूआर एक

पीआर नंबर 71002

सुपरमाइक्रो एक डेनवर

सुपरमाइक्रो ने एससी 17 में उद्योग का सबसे उन्नत और ऑप्टीमाइज्ड एनवीडिया जीपीयू सिस्टम्स प्रदर्शित किया

डेनवर, 13 नवंबर, 2017, पीआरन्यूजवायर— एशियानेट।

— एनवीलिंक सपोर्ट, अधिकतम जीपीयू डेंसिटी और वैश्विक सेवा से लैस नेक्स्ट जेनरेशन की एनवीडिया टेस्ला वी100 समेत सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की विशेषताएं देते हुए सुपरमाइक्रो के जीपीयू अनुकूलित सिस्टम डीप लर्निंग, एआईऔर बिग डाटा विश्लेषण अनुप्रयोगों के लिए अनुकूल हैं।

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों तथा ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्डैक, एसएमसीआई) आज जीपीयू सर्वर प्लेटफॉर्म प्रदर्शित कर रही है जो 13—16 को कोलोरैडो कन्वेंशन सेंटर, बूथ 1611 में सुपरकंप्यूटिंग 2017 (एससी17) में एनवीडिया (आर) टेस्ला (आर) वी100 पीसीआई—ई और वी100 एसएक्सएम2 जीपीयू एक्सलेरेटर्स का समर्थन करते हैं।

फोटो—https://mma.prnewswire.com/media/602332/Supermicro_NVIDIA_GPU_systems.jpg

पिछले साल की तरह ही सुपरमाइक्रो एससी17 स्टूडेंट क्लस्टर कंपीटिशन में यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ चाइना (यूएसटीसी) का समर्थन कर रही है, यूएसटीसी टीम इस वर्ष सुपरमाइक्रो के पावरफुल 7049जीपी—टीआरटी सिस्टम्स पर आधारित अपने समूह का निर्माण कर रही है जिनमें से प्रत्येक सिस्टम लेटेस्टे एनवीडिया टेस्ला वी100 जीपीयू से लैस है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), डीप लर्निंग, ऑटोनोमस व्हिकल सिस्टम्स, एनर्जी एंड इंजीनियरिंग/साइंस जैसे अत्यंत समानांतर अनुप्रयोगों को अधिकतम गति देने के लिए नेक्स्ट जनरेशन एनवीडिया एनवीलिंक (टीएम) इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी से लैस सुपरमाइक्रो का नया 4यू सिस्टम संपूर्ण परफॉर्मेंस के लिए अनुकूलित है। सुपरसर्वर 4028जीआर—टीवीआरटी एचपीसी समूहों तथा हाइपर—स्केल के वर्कलोड के लिए अधिकतम जीपीयू—टु—जीपीयू बैंडविड्थ के साथ आठ एनवीडिया टेस्ला वी100 एसएक्सएम2 जीपीयू एक्सेलरेटर्स को सपोर्ट करता है। पीसीआई—ई 3.0 के पांच गुना से भी अधिक बैंडविड्थ के साथ लेटेस्ट एनवीडिया एनवीलिंक टेक्नोलॉजी को समाहित करते हुए इस सिस्टम में स्वतंत्र जीपीयू और सीपीयू थर्मल जोन हैं जिससे सबसे लोकप्रिय वर्कलोड के

तहत समझौता रहित परफॉर्मेंस और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

इसी तरह, 4यू सुपरसर्वर 4028जीआर–टीआरटी2 सिस्टम से अनुकूलित परफॉर्मेंस सुपरमाइक्रो के नवप्रवर्तक एवं जीपीयू अनुकूलित सिंगल रूट कांप्लेक्स पीसीआई–ई डिजाइन के साथ 10 पीसीआई–ई टेस्ला वी100 एक्सेलरेटर्स को सपोर्ट कर सकता है जो आश्चर्यजनक रूप से जीपीयू के पीयर–टु–पीयर संचार परफॉर्मेंस में सुधार लाता है। अधिकतम डेंसिटी तक के लिए सुपरसर्वर 1029जीक्यू–टीआरटी सिर्फ 1यू रैक स्पेस में ही चार पीसीआई–ई टेस्ला वी100 जीपीयू एक्सेलरेटर्स तक को सपोर्ट करता है।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, "सुपरमाइक्रो अनुप्रयोग के लिए सबसे अनुकूलित जीपीयू सिस्टम डिजाइन करती है और इस उद्योग में जीपीयू अनुकूलित सर्वरों तथा वर्कस्टेशनों के सबसे व्यापक चयन की पेशकश करती है। हमारे उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटिंग समाधान डीप लर्निंग, इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक क्षेत्रों को अपने कंप्यूट समूहों से बाहर निकलने में सक्षम बनाते हैं ताकि उनके सबसे प्रचलित वर्कलोड को गति दी जा सके और प्रति वाट, प्रति वर्गफुट और प्रति डॉलर अधिकतम परफॉर्मेंस के साथ सबसे तेज गति से परिणाम प्राप्त कर सकें। नैस्ट जनरेशन के एनवीलिंक से लैस परफॉर्मेंस अनुकूलित 1यू और 4यू सिस्टमों में नए एनवीडिया वी100 पीसीआई–ई और वी100 एएक्सएम2 जीपीयू समाहित करने वाले अपने लेटेस्ट इनोवेशन के जरिये हमारे ग्राहक विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण समस्याओं का हल करने में मदद के लिए अपने अनुप्रयोगों को गति दे सकते हैं।"

एनवीडिया में एक्सेलेरेटेड कंप्यूटिंग के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक इयान बक ने कहा, "सुपरमाइक्रो के नए हाई–डेंसिटी सर्वर उद्योग और एचपीसी ग्राहकों को एक नए स्तर की कंप्यूटिंग दक्षता प्रदान करने के लिए नए एनवीडिया टेस्ला वी100 डाटा सेंटर जीपीयू का भरपूर लाभ उठाने के लिए अनुकूलित किए गए हैं। नए सुपरसर्वर कंप्यूट–इंटेंसिव डाटा विश्लेषण, डीप लर्निंग और वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के लिए आश्चर्यजनक रूप से उच्चतर थ्रूपुट देते हैं जबकि ऊर्जा की खपत भी कम करते हैं।"

बिग डाटा एनालिटिक्स के अभिसरण के जरिये लेटेस्ट एनवीडिया जीपीयू वास्तुरचना और उन्नत मशीन लर्निंग एलॉगरिथ्म, डीप लर्निंग अनुप्रयोगों को कई जीपीयू की प्रोसेसिंग क्षमता की जरूरत पड़ती है जो जीपीयू नेटवर्क के विस्तार के लिए कुशलता और प्रभावशीलता के साथ संपर्क में रखना जरूरी होता है। सुपरमाइक्रो का सिंगल–रूट जीपीयू सिस्टम कई एनवीडिया जीपीयू को एनसीसीएल पी2पीबैंडविड्थ टेस्ट द्वारा आंके गए लेटेंसी न्यूनतम करने तथा थ्रूपुट अधिकतम करने के लिए प्रभावी संचार की अनुमति देता है।

सुपरमाइक्रो एनवीडिया जीपीयू सिस्टम की उत्पाद श्रृंखला के बारे में समग्र जानकारी के लिए कृपया

https://www.supermicro.com/products/nfo/gpu.cfm पर जाएं

सुपरमाइक्रो की ताजा खबरों तथा घोषणाओं के बारे में जानकारी पाने के लिए इसे फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।

सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस, फैटट्विन और वी कीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

अन्य सभी ब्रांड, नाम तथा व्यापार चिह्न संबंधित स्वामित्व की संपत्तियां हैं।

एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

संपर्कः माइकल, केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. michaelk@supermicro.com

संपादक– यह विज्ञप्ति आपको एशियानेट के साथ संपन्न हुई व्यवस्था के तहत प्रेषित की जा रही है। पीटीआई पर इसका कोई संपादकीय उत्तरदायित्व नहीं है।

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन